>

Title: Need to accord approval to the Snow Leopard Project of Government of Himachal Pradesh for conservation of snow leopard in the State.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर, हि.प्र.): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय पर्यावरण एवं वन मंत्री के ध्यान में लाना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश में हिम तेन्दुए (स्नो लैपर्ड) विकास की अपार संभावनाएं हैं। वन्य प्राणियों के संरक्षण एवं उनकी वृद्धि की मंत्रालय की योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से एक प्रस्ताव गत वर्ष प्रेषित किया गया है। हिमाचल प्रदेश हिम तेन्दुआ परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर चलाने हेतु बहुत उत्साहित है, क्योंकि हिमाचल प्रदेश के उत्तुंग हिम श्रृंखलाओं में हिम-तेन्दुओं के प्राकृतिक निवास हैं। हिमाचल प्रदेश के ऊपरी भागों में स्थित जिला किन्नौर, लाहौल-स्पीति एवं जिला चम्बा के पांगी-भरमौर मंडलों में अत्यधिक ठंड एवं बर्फबारी के कारण कार्य करने के अवसर बहुत कम होते हैं। वहां सिर्फ अप्रैल से अक्टूबर तक ही कार्य का सीजन होता है। इस योजना में हिम-तेन्दुओं हेतु जी.पी.एस. कॉलरिंग, टैलीमैट्री एवं नेचर कंजर्वेशन फाउंडेशन के सहयोग से किब्बर में एक अनुसंधान केन्द्र की स्थापना आदि अनेक कार्य किए जाने हैं।

अतः मेरा आग्रह है कि पर्यावरण एवं वन मंत्रालय हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्रेषित हिम-तेन्दुआ परियोजना को शीघ्रातिशीघ्र स्वीकृति प्रदान करें।